तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 28 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

अवैध 18 ईंटभट्ठों पर हुई कार्रवाई, 9 लाख ईंट जब्त
2



## खबर संक्षेप

### रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला पामगढ़ में 7 को

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देश के परिपालन में जिले में आजीविका सशक्तिकरण एवं रोजगार सृजन कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में आजीविका ऋण मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 07 जनवरी को जनपद पंचायत पामगढ़ के सद्भावना भवन, पामगढ़ में 16 जनवरी को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन, ग्राम पंचायत कपिस्दा, बम्हनीडीह में एवं 28 जनवरी जनपद पंचायत नवागढ़ को स्कूल संगठन भवन, ग्राम पंचायत खैरताल (जी.एल.डी.), स्कूल केरा रोड, नवागढ़ में रोजगार मेला एवं आजीविका ऋण मेला आयोजन किया जाएगा।

### सरस्वती शिशु मंदिर में हिन्दू सम्मेलन आज

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में रविवार 28 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से सकल हिंदू समाज बिर्रा मंडल के तत्वाधान में विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लक्ष्मण दास मानिकपुरी विभाग सेवा प्रमुख कोरबा, एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम कुमार शुक्ला भागवत आचार्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मंजू कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में सभी हिंदू भारत माता को परम वैभव के शिखर पर ले जाने एवं समस्त हिंदू समाज को संगठित एवं जागृत करने के उद्देश्य से विराट सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

### किकिरदा में नाचबो अऊ नचाबो डांस स्पर्धा 31 को

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक में नाचबो अऊ नचाबो डांस प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर बुधवार रात्रि 8 बजे से रखा गया है। डांस प्रतियोगिता अलग-अलग तीन विधाओं में रखा गया है। तीनों विधाओं में आकर्षक पुरस्कार इनाम स्वरूप दिया जाएगा। ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

### हनुमान मंदिर में अखंड संकीर्तन 31 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा पौष दवादशी 31 दिसंबर को 24 घंटे का अखंड सीतारामनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का पावन दिन 22 जनवरी 2024 को सपन्न हुआ था। उस समय भारतीय पंच्चाग के अनुसार पौष शुक्ल दवादशी तिथि थी, यही दिन देशभर में कूर्म जंयती के रुप में मनाया जाता है। दूसरी रामलला वर्षगांठ प्रतिष्ठा दवादशी 31 दिसंबर बुधवार को मनाई जाएगी।

### ठंड से बचने वृद्ध ने लिया अलाव का सहारा, जलकर मौत

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में एक बड़ी घटना घटित हुई। जहाँ कड़ाके की ठंड से बचने की कोशिश एक वृद्धा के लिए जानलेवा साबित हो गई।पूरी घटना ग्राम सामारूमा की है, जहां गांव में रहने वाली 84 वर्षीय गुरूबारी बाई शनिवार को अपने घर में ठंड से राहत पाने के लिए अलाव ताप रही थीं। इसी दौरान अलाव की चिंगारी ने उनके कपड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। उम्र के इस पड़ाव पर वह जब तक कुछ समझ पातीं या मदद के लिए पुकारतीं, आग की लपटें उनके पूरे शरीर में फैल चुकी थीं।परिजनों को जैसे ही घटना की आहट हुई, उन्होंने आनन-फानन में मौके पर पहुँचकर भारी मशक्कत के बाद आग बुझाई। हालांकि, तब तक गुरूबारी बाई काफी गंभीर रूप से झुलस चुकी थीं। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## जिले में 1 लाख 25 हजार कृषकों ने कराया है पंजीयन

# महज 50 हजार किसानों ने बेचा धान अब माह भर से कम का समय बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जिला जांजगीर चांपा धान की बंपर पैदावार के लिए जाना जाता है। यहां के किसान बड़े पैमाने पर समर्थन मूल्य पर धान बेचते है। इस बार भी 1 लाख 25 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से की गई है। जिले में अब तक महज 50 हजार किसानों ने ही समर्थन मूल्य पर धान बेचा है। अभी भी करीब 75 हजार किसानों को धान बेचना है, जबकि 31 जनवरी धान खरीदी की अंतिम तिथि है। इस बीच कई शासकीय अवकाश भी पडेंगे। ऐसे में किसानों के पास माह भर से भी कम समय है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिला में किसान बड़े पैमाने पर धान की खेती करते है। किसान अपना धान बेचकर समर्थन मूल्य का लाभ उठाते है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 129 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। धान बेचने के लिए 1 लाख 25 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से हो गई है। हालांकि शुरूआती दौर में खरीदी की रफ्तार काफी धीमी रही। वहीं दिसंबर माह की शुरूआत के बाद धान खरीदी के कार्य में तेजी आई। जिले में अब तक 50 हजार 262 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा है। इन किसानों से 24 लाख 89 हजार 220 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। अब दिसंबर माह समाप्ति की ओर है। वहीं 31 जनवरी तक धान की खरीदी की जाएगी। इस बीच शनिवार और रविवार अवकाश के साथ ही गणतंत्र दिवस व अन्य अवकाश भी पड़ेगे। ऐसे में किसानों के पास माह भर से भी कम का समय शेष है। अभी भी 75 हजार किसान केन्द्र तक नहीं पहुंच सके है। ऐसी स्थिति में आने वाले दिनों में केन्द्रों में परेशानी बढ़ सकती है।



### केन्द्रों में धान जाम होने से बढ़ेगी दिक्कत

जिले में अब तक 2 लाख 48 हजार 922 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। समिति से 2 लाख 44 हजार 107 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। इनमें से 1 लाख 45 हजार 994 मीट्रिक टन धान का उठाव हुआ है। समितियों से धान का उठाव अब तेज करने की जरूरत महसूस की जा रही है। अब केन्द्रों में किसानों की भीड़ और धान की आवक काफी बढ़ेगी। ऐसे में समितियों में धान जाम होने से तौल में दिक्कत आएगी।

### पूरी होगी खरीदी

जिले में 1 लाख 25 हजार पंजीकृत किसान है। समय पर सभी किसानों का धान खरीद लिया जाएगा। लगातार टोकन कट रहे है। धान खरीदी के लिए 1 लाख 15 हजार किसानों का 22 जनवरी तक के लिए टोकन कट गया है।

**-अमित साहू,**
नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक

# पीडीएस दुकान से घटिया चावल की सप्लाई, तहसीलदार ने लिया सैंपल

## कार्रवाई के लिए भेजा गया प्रतिवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



जांच करते अधिकारी तथा इंसेट में घटिया चावल।

शासकीय उचित मूल्य दुकानों से घटिया चावल की सप्लाई की जा रही थी। कलेक्टर से हुई शिकायत के बाद शनिवार को टीम जांच में पहुंची। जांच दल ने शिकायत को सही पाया।

नगर के पीडीएस दुकानों में कई माह से सड़ा हुआ चावल वितरण किया जा रहा था। मध्यान भोजन में कई स्कूलों को भी यही चावल दिया जा रहा था। मामले की शिकायत वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद लता रात्रे, एवं हितग्राहियों ने चावल के सैंपल के साथ कलेक्टर को की। कलेक्टर द्वारा सक्ती एसडीएम अरुण सोम को जांच अधिकारी नियुक्त किया जिस पर एसडीएम द्वारा नायाब तहसीलदार जागृति एवं पटवारी को तत्काल जांच टीम गठन कर जांच करने के निर्देश दिए। जिस पर तहसीलदार की टीम ने वार्ड क्रमांक 1 के हितग्राही एवं मध्यान भोजन में सतनामी मोहल्ला प्राथमिक शाला के स्कूल में जाकर चावल का निरीक्षण किया मौके पर गुणवत्ता हीन चावल पाया गया। मध्यान भोजन बनाने वाले के उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर गुणवत्ता हीन चावल का सैंपल लिया गया। वहीं जिन हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य की दुकान से विगत कई माह से जो चावल वितरण किया गया था उन सभी हितग्राहियों का चावल का सैंपल लेकर सभी का कथन लेकर जांच पूर्ण किया। जांच अधिकारियों के द्वारा जांच में पाया गया की शासकीय उचित मूल्य की दुकान से गुणवत्ता हीन चावल ही वितरण किया गया था जो खाने योग्य नहीं था। वहीं हितग्राहियों ने बताया विगत कई माह से शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चावल लाया जा रहा था वह चावल खाने योग्य नहीं था, परंतु दुकान संचालक के द्वारा हर बार अगले माह से अच्छा चावल मिलने की बात कही जाती थी। विगत 7 ,8, माह से हमें इसी प्रकार से सड़ा हुआ चावल दिया जा रहा था, जब पार्षद लता रात्रे को अवगत कराया और पार्षद के साथ कलेक्टर के पास पहुंचकर शिकायत की तो जांच करने के लिए टीम पहुंची। शनिवार 27 दिसंबर को नायब तहसीलदार जागृति , आर आई खगपति साहू, पटवारी सत्यनारायण जनपद पंचायत के मंगेशकर भगत , जांच टीम के सदस्यों द्वारा मौका पंचनामा तैयार किया गया है। जांच टीम के द्वारा सभी हितग्राहियों के चावल का मौका पंचनामा एवं स्कूल में मध्यान भोजन में वितरण किए गए चावल का सैंपल एवं मध्यान भोजन बनाने वाली श्रीमती संगीता रवि शंकर सहिस , सहित तुलसी दयाशंकर सहिस, एवं हितग्राहियों एवं शिकायतकर्ताओं से चावल का सैंपल पंचनामा तैयार किया गया है। जांच अधिकारियों का कहना है कि पंचनामा, चावल के सैंपल एवं जांच प्रतिवेदन के साथ उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



इस तरह खुले में होता है अंतिम संस्कार

# केशला में खुले आसमान तले शव दाह करने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

नवागढ़ विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केशला में आज भी शेडयुक्त श्मशान घाट नहीं बन सका है। ऐसे में खुले आसमान के नीचे शव का अंतिम संस्कार करने की मजबूरी बनी हुई है। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से वे इस समस्या को लेकर पंचायत,जनपद और संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराते आ रहे हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। गांव में न तो पक्का श्मशान घाट है और न ही शेड पानी,बैठने या लकड़ी रखने जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। बरसात या ठंड हर मौसम में परिजनों को खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी योजनाओं और बजट की जानकारी होने के बावजूद पंचायत और विकासखंड स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील समय में परिवार पहले से ही मानसिक पीड़ा में होता है, ऐसे में खुले में शव दाह करना उनके दुख को और बढ़ा देता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही श्मशान घाट निर्माण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए,तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में ग्राम पंचायत केशला सरपंच का कहना है कि पंचायत द्वारा सुशासन त्यौहार में लिखित आवेदन भी दिया गया है। इसके साथ ही जिम्मेदार विभाग को मौखिक रूप से अवगत भी कराई गई है फिर भी समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है।

## पानी से लबालब अंडरब्रिज...

**जांजगीर-चांपा।** नैला रेलवे फाटक पर आरओबी नहीं बनने के कारण अक्सर फाटक बंद मिलता है। घंटों जाम में फंसे रहने की बजाए लोग समय बचाने के लिए कुछ दूर पर बने अंडरब्रिज का सहारा लेने की सोचते है, लेकिन वहां पहुंचने के बाद परेशानी और भी बढ़ जाती है। अंडरब्रिज बारहों महीने पानी से भरा रहता है। अभी पूस का माह चल रहा है, लेकिन अंडरब्रिज पानी से लबालब है। ऐसे में इसे पार कर पाना वाहन चालकों के लिए आसान नहीं रह गया है। जरा सी लापरवाही से यहां वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो सकते है। इतना ही नहीं अंडरब्रिज पहुंच मार्ग भी जर्जर है। फिसलन होने के कारण इस मार्ग पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



# ठंड बढ़ने के साथ ही सुबह से रात तक लोग गर्म कपड़ों में आ रहे नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ठंड बढ़ने के साथ-साथ लोगों की दिक्कतें काफी बढ़ गई है। लगातार तापमान में आ रही गिरावट के कारण सुबह से रात तक लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं। ठंड के चलते सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों को हो रही है।

गौरतलब है कि दिसंबर महीने में तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इधर तापमान में गिरावट के चलते ठंड लगातार बढ़ रही है वहीं सुबह से रात तक लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं। शनिवार 27 दिसंबर को जहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तो अधिकतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन एवं रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि दोपहर के समय तेज धूप भी पड़ रही है इसके बाद तापमान कम हो रहा है। इधर बढ़ाते ठंड के कारण बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों को सर्वाधिक परेशानी हो रही है। बड़े बुजुर्ग एवं छोटे बच्चे सर्दी जुकाम खांसी से प्रभावित है। बढ़ते ठंड के कारण जहां गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है एवं सर्दी खांसी जुकाम से प्रभावित मरीजों की भीड़ सरकारी एवं निजी अस्पतालों में देखी जा रही है। बुजुर्गों को खांसी, अस्थमा की ज्यादा शिकायत है तो वही छोटे बच्चों को सर्दी जुकाम की समस्या बनी हुई है। इधर बढ़ाते ठंड का असर लोगों की आवाजाही पर भी बना हुआ है, जहां सुबह 10 बजे के बाद ही लोग घरों से निकालना प्रारंभ कर रहे हैं वहीं शाम 6 के बाद सड़कों पर कम लोग ही नजर आ रहे है।

# कल से तीन दिवसीय आंदोलन पर जाएंगे कर्मचारी-अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

प्रांतीय निकाय के आव्हान पर जिले के कर्मचारी अधिकारी अपने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय निश्चितकालीन आंदोलन 29, 30, 31 दिसंबर को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक कलेक्ट्रेट सक्ती के समक्ष जेठा में करेंगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सक्ती के जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने बताया कि इसमें कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, पंचायत एवं समाज कल्याण, महिला बाल विकास विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय, एस.डी.एम. कार्यालय, सहित सारे शासकीय दफ्तरों में काम काज बंद हो जाएगा। आगे जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने बताया है कि फेडरेशन की ओर से तीसरा चरण का निश्चितकालीन हड़ताल छत्तीसगढ़ शासन के उपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण निर्मित हुई है, जिन मांगो को लेकर हड़ताल करने बाध्य हुए है। सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र 2023 में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए मोदी की गारंटी लागू किए जाने की बात कही थी। अब दो वर्ष से ज्यादा छत्तीसगढ़ शासन को हो गया है, मगर आज पर्यन्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों के हित में कोई भी पहल नहीं करने से कर्मचारियों में घोर निराशा एवं आक्रोष व्याप्त है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, संरक्षक विजय बहादुर सिंह, खगेश कुमार पटेल, कार्यकारी जिला संयोजक राधेश्याम साहू, महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजिका श्रीमती पार्वती खुंटे, जिला महासचिव डॉ. श्रीमती रजनी पटेल, जिला उपाध्यक्ष संतोष सोनी, फेडरेशन तहसील सक्ती संयोजक मनोज राठौर, सुरेश कुमार जायसवाल, यशवंत पटेल, आर. के. रजक, वेद प्रकाश जायसवाल, अशोक राठौर व अन्य कर्मचारी जुटे हुए है।



## महिला की मदद पर पुलिस के कार्य की हो रही प्रशंसा

# आरक्षक ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, रुपए व जेवर से भरा बैग लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

थाना सारागांव में पदस्थ आरक्षक ने ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता और मानवीय मूल्यों का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो पुलिस विभाग की सकारात्मक छवि को और सशक्त करता है। एक महिला से रुपए और चांदी के जेवर से भरा बैग बस स्टैण्ड के पास छूट गया था, जिसे ईमानदार आरक्षक ने महिला को वापस पहुंचाया।

शनिवार 27 दिसंबर को सारागांव थाने में पदस्थ आरक्षक चन्द्रहास लहरे जब सुबह लगभग 11 बजे ड्यूटी के लिए थाना जा रहा था, उसी दौरान सारागांव बस स्टैण्ड से लगभग 100 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे एक लावारिस थैला पड़ा मिला। थैला उठाकर देखने पर उसमें नगदी रकम एवं आभूषण पाए गए। आसपास किसी व्यक्ति के नहीं मिलने पर उन्होंने तत्काल थाना प्रभारी सारागांव सुभाष चौबे को इसकी सूचना दी। थैला थाना लाकर महिला प्रधान आरक्षक लेखक सरस्वती जांगड़े को सुपुर्दनामा किया गया। थैले की जांच करने पर उसमें 68 हजार रुपए नगद, पुराने चांदी के जेवरात, आधार कार्ड एवं ग्रामीण बैंक की पासबुक पाई गई। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर ग्राम सरवानी के सरपंच को सूचित किया गया, जिनके माध्यम से थैले के वास्तविक मालिक की पहचान नागेश्वरी धीवर उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम सरवानी, थाना सारागांव के रूप में हुई। संपर्क करने पर पीड़िता द्वारा बताया गया कि उक्त थैला चांपा में सुनार दुकान पर सोना-चांदी बदलने जाते समय गुम हो गया था। पीड़िता को थाना बुलाकर पूछताछ की गई एवं थैले में रखी संपूर्ण सामग्री दिखाने पर उसके वास्तविक स्वामित्व की पुष्टि हुई। तत्पश्चात नगदी 68 हहजार रुपए एवं चांदी के पुराने जेवरात, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक विधिवत रूप से पीड़िता को सुरक्षित लौटाए गए। इस सराहनीय कार्य के लिए आरक्षक चन्द्रहास लहरे ने अपने कर्तव्य के साथ -साथ उच्च नैतिक मूल्यों और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। पीड़िता द्वारा पुलिस प्रशासन के प्रति गहरी सहानुभूति, विश्वास एवं आभार व्यक्त किया गया।



बैग को लौटाते आरक्षक व साथ में पुलिसकर्मी।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 9 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुनुंद के आंगनबाड़ी केन्द्र 3 में सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 02 ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8 वीं उत्तीर्ण उक्त गांव के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 9 जनवरी 2026 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह में सीधे जमा कर सकते है। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 9 जनवरी तक आवेदन जमा होंगे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123


Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA MAKERS
Own your real asset.
Artist's Impression
2026 DESERVES
A BETTER PLACE TO LIVE.
Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS and
2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
Representational Image
Work Begins at Full Pace — The Vision is Now Becoming Reality.
Actual Photo
New Town
2, 3, 4 & 5 BHK BUNGALOWS
MUNGELI ROAD
Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
Modern Garden Spaces - Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium - Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool - Fun for all ages
Indoor & Outdoor Games - Recreation at your doorstep
Yoga, Meditation & Jogging Spaces - Wellness made easy
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

## खबर संक्षेप

### उप संच स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता संपन्न

**कोरबा।** स्वयंसेवी संस्था एकल अभियान देवपहरी के मार्गदर्शन में उप-संच स्तर की सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर को विद्यालय परिसर, ग्राम साखो में श्रद्धा, अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता श्री हरि सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीण अंचल की सत्संग मंडलियों ने अपनी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रत्येक संच केंद्र के अंतर्गत तीन उप-संच स्तर पर प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक उप-संच से चयनित तीन-तीन श्रेष्ठ मंडलियाँ आगे संच केंद्र स्तर पर होने वाली फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इस प्रकार कुल 9 मंडलियों के बीच संच स्तरीय मुकाबला होगा, जिसमें से 3 उत्कृष्ट मंडलियों का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता हेतु किया जाएगा। जिसमें विद्यालय ग्राम साखो की आयोजन समिति का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं समिति सदस्यों की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संच समिति सचिव कृष्णा कुमार कंवर उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संच संस्कार समिति के अध्यक्ष सीताराम देवांगन ने की।

### पोटापानी में क्रिकेट कप टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** ग्राम पंचायत पोटापानी में युवा समिति के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट कप टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आपकी गरिमामयी उपस्थिति रही, जहाँ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल के महत्व पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए गए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि अनुशासन टीम भावना,नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित करता है। ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम बनते हैं। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा खिलाड़ी एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया। पूरे ग्राम में खेल उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि यह क्रिकेट कप टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतियोगिता है, बल्कि ग्रामीण युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, अनुशासन सीखने और बड़े सपने देखने की प्रेरणा देने का एक सशक्त प्रयास है। ऐसे आयोजनों से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है और भविष्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंच मिलता है।

### मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में मना वीर बाल दिवस



**कोरबा।** शासकीय मिनी माता कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। सिख संप्रदाय के दसवें गुरु गोविंद सिंह के वीर साहबजादे के शहादत को याद किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं के द्वारा सुंदर पोस्टर बनाया गया एवं नारा लेखन किया गया। कुमारी माधवी द्वारा वीर बाल दिवस के आयोजन पर प्रकाश डाला गया एवं कुमारी उलेश्वरी दास के द्वारा वीर सपूतों का संक्षिप्त जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ.राजेंद्र सिंह के द्वारा वीर सपूतों के कुर्बानी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.पापिया चतुर्वेदी, डॉ.सरस्वती राव, सुश्री मीनाक्षी शांडिल्य, डॉ.श्रेणी दिवाकर, श्रीमती कल्याणी ध्रुव सहित महाविद्यालय के कर्मचारी एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कुमारी नम्रता दुबे द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापित रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह तंवर ने दी।

# कड़ाके की सर्दी में जरुरतमंद ग्रामीणों को कंबल स्वेटर का वितरण

**लायंस क्लब कोरबा गुरुकुल एवं एनकेएम का आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

अपने सेवा प्रकल्प के तहत लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल एवं एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) के संयुक्त तत्वावधान में मड़वारानी मंदिर के समीप मुख्य मार्ग में कार्यक्रम आयोजित कर सैकड़ों जरूरत मंदों को स्वेटर, कम्बल एवं अनाज का का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स एमडी 3233 के मल्टीपल काउंसिल चेयरमेन पीएमजेएफ लायन मनीष शाह, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल, वीडिजी प्रथम एमजेएफ लायन रिपुदमन पुसरी, वीडिजी द्वितीय लायन पवन मलिक, पीडिजी एमजेएफ लायन बसंत मिश्रा, एमजेएफ लायन राजेंद्र तिवारी, रिजन चेयरमेन एमजेएफ लायन कैलाश गुप्ता, जोन चेयरमेन एमजेएफ लायन पवन अग्रवाल, विद्यालय के चेयरमेन एवं पीडिजी एमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल, विद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष लायन सुरेंद्र डनसेना, पूर्व अध्यक्ष लायन मनोज गुप्ता, सचिव दर्शन अग्रवाल एवं कई लायन दिग्गजों ने अपने हाथों से स्वेटर, कम्बल एवं अनाज का वितरण कर सैकड़ों गरीब परिवारों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लायन मनीष शाह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में मानवता और करूणता होनी चाहिए, इससे समाज में एकता बढ़ती है। लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल एवं एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल की यह पहल प्रशंसनीय है और ठंड में गरम कपड़ों का वितरण एक मानवीय पहल है। कार्यक्रम के संयोजक एवं लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के संरक्षक लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि हम लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के बैनर तले प्रयास करते हैं कि हमारी वजह से कुछ लोगों के अधरों पर मुस्कान बिखरे, इससे हमें आत्मसंतुष्टि मिलती है और अन्य लोगों को प्रेरणा भी। क्लब अध्यक्ष लायन सुरेन्द्र डनसेना ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी और आभार प्रदर्शन किया।

**30 दिसंबर को उच्च स्तरीय बैठक के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आंदोलन**

# रोजगार व मुआवजा की मांग को लेकर भूविस्थापितों ने गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का किया घेराव



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी बाहनपाठ अमगांव के भूविस्थापितों ने वैकल्पिक रोजगार सहित अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भूविस्थापितों ने गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया और अपनी मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। लगभग चार घंटे तक प्रदर्शन का दौर जारी रहा। जिसके उपरांत एसईसीएल के अधिकारियों ने 30 दिसंबर को बिलासपुर के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक का आश्वासन दिया, जिसके उपरांत भूविस्थापितों ने अपना आंदोलन समाप्त किया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पोंडी के भूविस्थापित मनोज राठौर ने एसईसीएल के अधिकारियों से कहा कि नरईबोध, भठोरा, भिलाई बाजार, रलिया, पोंडी, बाहनपाठ एवं अमगांव का अधिसूचना प्रकाशन धारा 9 सभी ग्रामों का एक समान हुआ है। नरईबोध, भठोरा, भिलाई बाजार एवं रलिया के भूविस्थापितों को कंपनी सेक्रेटरी के स्वीकृत मिनट्स 326वां निदेशक बोर्ड मीटिंग के पत्र क्र. 2310 दिनांक 8 अगस्त 2022 के अनुसार बढ़ी हुई मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। पोंडी, बाहनपाठ एवं अमगांव के भूविस्थापितों को उक्त मिनट्स के अनुसार बढ़ी हुई मुआवजा राशि के भुगतान से वंचित किया गया है और एसईसीएल ने हम विस्थापितों को कहा था की छोटे खातेदार जिनके परिवार को स्थाई रोजगार नहीं मिल रहा है उन्हें खदान में होने वाले वैकल्पिक कार्यों में रोजगार प्रदान किया जाएगा, लेकिन उनके गांव के अधिग्रहण के चौदह वर्ष बाद भी प्रबंधन ने रोजगार देने का वायदा पूरा नहीं किया है। छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि एसईसीएल हर जगह किसानों को गुमराह करके जमीन अधिग्रहण कर रहा है और जमीन अधिग्रहण के बाद भू विस्थापित किसान अपने रोजगार, मुआवजा और बसावट के लिए सालों से भटक रहे हैं आगे जल्द गेवरा कुसमुंडा में किसानों को एकजुट कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पोंडी, बाहनपाठ एवं अमगांव के भूविस्थापितों ने गेवरा महाप्रबंधक के साथ जिला प्रशासन से भी समस्याओं के समाधान की मांग की थी, लेकिन प्रशासन और प्रबंधन ने समस्याओं के समाधान का कोई प्रयास नहीं किया। इसलिए आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा और आगे भी समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल नहीं हुआ तो आगे भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। जनपद सदस्य नेहा राजेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि आगे समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो खदान विस्तार का काम भी ठप किया जाएगा। एसईसीएल अधिग्रहण के समय झूठे वादे करके जमीन किसानों से ले लेता है और अधिग्रहण के बाद किसानों को अधिकार से वंचित करने के लिए कई नियमों का हवाला देता है। आगे किसानों के पक्ष में अगर ठोस निर्णय प्रबंधन ने नहीं लिया तो उग्र आंदोलन की भी तैयारी है।

# अवैध 18 ईंटभट्ठों पर हुई कार्रवाई, 9 लाख ईंट जब्त



कार्यवाही करती हुई प्रशासनिक टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम-हरदीबाजार एवं ग्राम-सुवाभोड़ी में कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में अवैध रूप से चल रहे ईंट भट्ठों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रोहित कुमार सिंह, तहसीलदार हरदीबाजार अभिजीत राजभानू, थाना प्रभारी मृत्युंजय पाण्डेय, राजस्व दल सह पुलिस, पंचायत विभाग के संयुक्त दल द्वारा कार्यवाही की गई जिसमें कुल 18 ईंट भट्ठा मालिकों पर कार्यवाही करते हुये लगभग 9 लाख अवैध ईंट जब्त कर ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही के दौरान ईंट भट्ठों में अवैध बिजली कनेक्शन पाया गया जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर अवैध बिजली कनेक्शन को जब्त करने की कार्यवाही विद्युत विभाग द्वारा किया गया। अवैध परिवहन में उपयोग लाये जाने वाले वाहन (ट्रैक्टर) को जब्त कर पुलिस थाना के सुपुर्द किया गया। जांच के दौरान हरदीबाजार निवासी राजेश जायसवाल के द्वारा अवैध मिट्टी की खुदाई कर जे.सी.बी. तथा ट्रेक्टर के माध्यम से ईंट भट्ठों में प्रदाय किया जाना लोगों के द्वारा बताया गया, साथ ही अवैध कोयला का उपयोग ईंट भट्ठों में किया जाना पाया गया, जिसके संबंध में थाना प्रभारी द्वारा विधि सम्मत कार्यवाही की जा रही है।

# बुधवारी फुट ओव्हरब्रिज में उद्योग मंत्री ने किया प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण



लोकार्पण करते उद्योग मंत्री एवं महापौर।

**सुभाष चौक एंव वृद्धाश्रम में इलेक्ट्रिक ताप हीटर का शुभारंभ**

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने निहारिका स्थित सुभाष चैक एवं सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित वृद्धाश्रम में ऊर्जादक्ष इलेक्ट्रिक हीटर का शुभारंभ किया। नगर निगम द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए इस ठिठुरन भरी ठंड से लोगों को राहत दिलाने के लिए बिजली से चलने वाले एवं ऊर्जा दक्ष इलेक्ट्रिक ताप हीटर शहर के प्रमुख चैक-चैराहों, सार्वजनिक स्थानों, वृद्धाश्रम, आश्रय स्थलों, रैनबसेरा आदि में स्थापित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार की रात्रि सुभाष चैक में ऊर्जा दक्ष इलेक्ट्रिक हीटर का शुभारंभ उद्योग मंत्री के द्वारा किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री एवं महापौर ने बुधवारी फुट ओव्हरब्रिज में निगम द्वारा की गई प्रकाश व्यवस्था कार्य का लोकार्पण किया, तो वहीं निहारिका सुभाष चैक एवं सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित वृद्धाश्रम में ऊर्जादक्ष इलेक्ट्रिक हीटर का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य अजय गोंड़, पार्षद पंकज देवांगन, राकेश वर्मा, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, वैभव शर्मा, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा बुधवारी बाजार से सड़क के दूसरी ओर स्थित पार्किंग तक पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग पर पूर्व में फुटओव्हर ब्रिज का निर्माण कराया गया था, किन्तु फुट ओव्हरब्रिज के ऊपर प्रकाश व्यवस्था का अभाव था, ब्रिज में रात्रि के समय अंधेरा रहने से ब्रिज का उपयोग न होने एवं ब्रिज के ऊपर असामाजिक तत्वों द्वारा गलत गतिविधियां करने की संभावना बनी रहती थी। निगम द्वारा उक्त ओव्हरब्रिज में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था का कार्य करते हुए कलर लाईटें स्थापित की गई हैं, गुरूवार की रात उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर ने उक्त प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण किया, उन्होने जैसे ही स्वीच आन किया, वैसे ही सम्पूर्ण फुट ओव्हरब्रिज विभिन्न रंगों के प्रकाश से जगमगा उठा।

**29 से 31 दिसंबर तक 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे अधिकारी, कर्मचारी**

# तीन दिन कलम बंद हड़ताल की तैयारी में जुटा अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा मोदी की गारंटी को अमल में लाने को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिनों तक कलम बंद काम बंद हड़ताल पर जिले के सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी शामिल होंगे।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा छत्तीसगढ़ के शासकीय विभागों में कार्यरत लगभग 5 लाख कर्मचारियों के हितों के संरक्षण एवं 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार को पूर्व मे अनेक माध्यमों से अवगत कराती रही है किंतु सरकार की उदासीनता के कारण मांगे पूरी नहीं होने पर छत्तीसगढ़ के कर्मचारी अधिकारी हताश हैं जिससे लंबित महंगाई भत्ते का एरियर भुगतान, कैशलेस सुविधा, सेवानिवृत्ति की आयु में वृद्धि, अर्जित अवकाश नगदीकरण में बढ़ोत्तरी, चार स्तरीय वेतनमान, विभिन्न विभागों के वेतन विसंगति, पूर्व सेवा अवधि सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में हड़ताल आयोजित है इसी कड़ी में जिले में कार्यरत कर्मचारियों अधिकारियों को हड़ताल में शामिल करने



ज्ञापन सौंपते हुए फेडरेशन के पदाधिकारी।

फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा लगातार खंड कार्यालय एवं जिला मुख्यालयों के विभिन्न विभागों के कार्यालय में कर्मचारियों अधिकारियों से संपर्क कर हड़ताल में शामिल होने आवेदन भराया गया है, कर्मचारियों अधिकारियों के द्वारा हड़ताल में शामिल होने उत्साह के साथ आवेदन भरे गए हैं, फेडरेशन के प्रमुख पदाधिकारी के.आर डहरिया जगदीश खरे, तरुण सिंह राठौड़, ओम प्रकाश बघेल, प्रकाश खाकसे द्वारा बताया गया कि 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिनों तक तानसेन चौक आईटीआई बालको रोड में जिले के कर्मचारी अधिकारियों द्वारा हड़ताल में शामिल होकर धरना प्रदर्शन किए जाएंगे। अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल में राजस्व पटवारी संघ ने भी शामिल होने का निर्णय लिया है। फेडरेशन के 11 सूत्रीय मांगों का समर्थन करते हुए संघ के अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने बताया कि 29 से 31 दिसंबर तक जिले के समस्त पटवारी अवकाश पर रहते हुए आंदोलन में शामिल होंगे। संघ के द्वारा इस संबंध में अवकाश के लिए कलेक्टर को पत्र भी सौंप दिया है।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि।
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी., ई.ई.जी., इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ।
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- माहवारी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसिल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लैडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### रात्रि रामायण पाठ को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक



**सक्ती।** स्थानीय मुक्तिधाम ग्राम टेमर में 31 दिसंबर की रात्रि रामायण पाठ हेतु बैठक का आयोजन मुक्तिधाम परिसर में ही किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सहयोग हेतु सहमति बन गई। ग्राम पंचायत टेमर के सरपंच ने भी पूर्ण सहयोग हेतु स्वीकृति प्रदान किए। नए साल मानने और रामायण पाठ के बाद लगातार स्वच्छता और सौंदर्यीकरण की मुहिम को आगे बढ़ाया जाएगा इसके लिए सभी ग्राम वासी एक जुट नजर आए। ज्ञात हो कि 2021 से लगातार मुक्तिधाम को सुधारने में ग्रामीण सहयोग करते आ रहे है। इसके लिए पंचायत और राधे पटेल बाबा के योगदान सराहनीय है। बैठक में उपस्थित लोगों में क्षेत्रीय जनपद सदस्य टंकेश्वर पटेल, फनेंद्र दर्शन , मोहन प्यारे पटेल, विमलेश पटेल पटवारी , दुजराम पटेल , हेमंत जायसवाल , संतोष पटेल , दिगम्बर पटेल , सागर रातें , नवीन निश्चल देवांगन , पंडित राजेश महराज , निर्तुंजय पटेल , मनोज पटेल , तुलसी पटेल , संतोष पटेल सहित ग्रामीण सम्मिलित थे ।

### संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती समारोह आज

**मुलमुला।** ग्राम मुलमुला के गुरुद्वारा प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दो दिवसीय संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। 28 दिसंबर रविवार को सुबह 10 बजे से सतनाम सेना रैली, शाम 4 बजे ध्वजारोहण, शाम 5 बजे प्रसाद वितरण एवं रात्रि 9 बजे से शारदा स्वर संगम कोरबा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती शेष राज हरबंस विधायक पामगढ़, पूर्व सांसद कमला देवी पटले पूर्व सांसद, श्रीमती ईन्दू बंजारे पूर्व विधायक पामगढ़ एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 27 दिसंबर को डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रथम पुरस्कार 2101 व शील्ड, द्वितीय पूर्व पुरस्कार 1501 रुपए वह शील्ड, तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए व शील्ड,चतुर्थ पुरस्कार 751 रुपए शील्ड, पंचम पुरस्कार 501 रुपए व शील्ड ,छठम पुरस्कार 251 रुपए शील्ड ,सप्तम पुरस्कार 151 रुपए व शील्ड प्रदान किया गया।

### आकस्मिक मृत्यु के प्रकरण में 4 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम अमलडीहा निवासी मृतक स्व. रेशमलाल सिदार को तालाब के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती जज्ञसेनी सिदार पति स्व रेशमलाल सिदार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

### छात्रा के रिसर्च में छत्तीसगढ नागरिक सुरक्षा फांउडेशन ने किया सहयोग



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन जिला सक्ती के द्वारा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से आई विधि की शोधार्थी छात्रा मीना ध्रुव को उनके रिसर्च में सहयोग दिया गया जो की टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 के क्रियान्वयन के विशेष विषय पर रिसर्च कर रही है। छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के जिलाअध्यक्ष राम नरेश यादव ने कहा कि उनकी संस्था के द्वारा व्यसन मुक्ति विद्यार्थी जीवन गुड टच बेड टच एवं अन्य विषयों पर जनजागरुकता कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसमें यह विषय शामिल रहते हैं। हमारे संस्था में सहयोगी टीम के तौर पर नेहा गुप्ता, विद्या साहू, झरना साहू,दीपक गुप्ता, दीपमाला राठौर, मागेराम अगवाल, संजय रामचन्द्र तथा अन्य सदस्य गण का सहयोग रहता है। इस प्रकार के सहयोग से विद्यार्थी एवं शोधार्थियों को प्रोत्साहन मिलता है।

## निधन

### रामहरि जलतारे



**राहौद।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक रामहरि जलतारे का 95 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन गुरुवार 25 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम तिवार पार में हुआ। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे कमलेश जलतारे, रमेश जलतारे एवं सुरेश जलतारे के पिता थे।

---

योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित जनसमूह को कराया योग का अभ्यास

# विकासखंड स्तरीय शिविर का 372 मरीजों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

ग्राम झूलन में विकास खंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन आयुष विभाग द्वारा शनिवार 27 दिसंबर को किया गया। शिविर में आए 372 मरीजों को निःशुल्क औषधि एवं काढ़ा वितरण किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित जनसमूह को योग का अभ्यास कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरी की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। शिविर के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच बहोरिक लाल दिव्य रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलहरण कश्यप, तुलसी राम कश्यप, अशोक कुमार वैष्णव एवं मोहित कश्यप उपस्थित थे। अतिथियों ने आयुष चिकित्सा पद्धति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को प्राकृतिक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर का सफल संचालन नोडल अधिकारी डॉ. सुनंदा गोस्वामी (बुंदेला) द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. पायल शर्मा (राहौद) और डॉ. नीलिमा यादव




शिविर में ग्रामीणों को योग कराते प्रशिक्षक।

(मुलमुला) ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। आयुष विभाग के फार्मासिस्टों और औषधालय सेवकों के सहयोग से शिविर में आए 372 मरीजों को निःशुल्क औषधि एवं काढ़ा वितरण किया गया।

शिविर में योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित जनसमूह को योग का अभ्यास कराया गया। विशेषज्ञों ने आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुरूपः दिनचर्या स्वस्थ रहने के लिए दैनिक अनुशासन ऋतुचर्याः बदलते मौसम के अनुसार खान-पान और व्यवहार। योग एवं प्राणायामः मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक टिप्स दिए गए। इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच, पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की महिलाएं तथा आयुष विभाग का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### किसान 31 तक करा सकते हैं फसल बीमा

**सक्ती।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी फसलों के लिये बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित किया गया है। सक्ती जिले में रबी मौसम में गेहूं सिंचित और सरसों फसल को अधिसूचित किया गया है। गेहूं फसल के लिये ग्राम एवं सरसों फसल के लिए राजस्व निरीक्षक मण्डल को इकाई क्षेत्र लिया गया है। जिले में गेहूं फसल के लिए विकासखण्ड जैजैपुर अन्तर्गत चार ग्राम चिखलरौंदा, झालरौंदा, भोथिया, मलनी तथा विकासखण्ड मालखरौदा अन्तर्गत तीन ग्राम बड़े सीपत, कुरदा, चारपारा और विकासखण्ड सक्ती अन्तर्गत तीन ग्राम जाजंग, मसनियांकला, रगजा को अधिसूचित किया गया है। इसी प्रकार सरसों फसल के लिए विकासखण्ड जैजैपुर अन्तर्गत ठठारी राजस्व निरीक्षक मण्डल में ग्राम बर्रा, चिकलरौंदा, झालरौदा, लोहारकोट, आमापाली, बिछिया, बोईरडीह, हरदी, भोथिया, मलनी एवं विकासखण्ड डभरा अन्तर्गत धुरकोट राजस्व निरीक्षक मण्डल में ग्राम कबारीपाली, केकराभांट, कोटमी, बिलाईगढ़, अमलीपाली, बिनौधा, पुरैना तेली, साल्हे को अधिसूचित किया गया है। इन ग्रामों के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा करा कर फसल क्षति की स्थिति में लाभ प्राप्त कर सकते है। फसल बीमा के लिए बजाज जनरल इन्शोरेंस कम्पनी लिमिटेड को अनुबंध किया गया है।



अतिथि के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी।

## राज्य स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में बिलासपुर बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला क्रिकेट संघ और फाइटर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में दुधिया रोशनी में खेली जाने वाली टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में अयांश बिलासपुर ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर कोरबा पुलिस टीम को 11 रनों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

- नाबाद 50 रन बनाने वाले नारायण पात्रे बने मैन ऑफ द मैच

समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण विधायक ब्यास कश्यप के मुख्य आतिथ्य एवं डीबी वेंचर ग्रुप के संचालक धीरेन्द्र बाजपेयी, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, इंजी. रवि पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, समाज सेवी राजेश पालीवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्षव्दय रमेश पैगवार व जय थवाईत, पूर्व क्रिकेटर आशीष राठौर, पार्षदगण प्रिंस शर्मा, विष्णु यादव, अरमान खान, देवराज सिंह चंदेल, आर. एस. क्षत्रीय एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विजेता बिलासपुर टीम को डीबी वेंचर ग्रुप द्वारा 1 लाख 1 हजार रूपए एवं चैम्पियन ट्राफी, उपविजेता कोरबा टीम को डीबी वेंचर ग्रुप द्वारा प्रायोजित 51 हजार रूपए एवं ट्राफी, तृतीय पुरस्कार देवांगन नर्सिंग होम टीम चांपा को बरातु यादव द्वारा प्रायोजित 21 हजार रूपए एवं ट्राफी प्रदान किया गया। कोरबा टीम के लेवीस पंकज प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। उसी तरह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज लक्की सोनकर, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक भवानी कोरबा, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज लेवीस पंकज फाईनल मैच के मैन ऑफ द मैच बिलासपुर टीम के नारायण पात्रे (नाबाद 50 रन) को दिया गया।

### शिवरीनारायण से शबरी के मीठे बेर लेकर अयोध्या जाएंगे रामभक्त

**शिवरीनारायण।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के द्वितीय प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर कोरबा जिले के दीपका से रामभक्तों का समूह रविवार 28 दिसंबर को शिवरीनारायण से शबरी के बेर लेकर जाएंगे। रामभक्तों का समूह 1 जनवरी को वापस लौटेगा। लगातार यह तीसरा वर्ष है जब श्रीराम को शबरी के बेर अर्पित किए गए है। दीपका से विशेष वाहन से जाने वाले समूह में 11 समाज के प्रतिनिधि सहित 51 लोग शामिल है। बताया गया कि शिवरीनारायण में रविवार की सुबह 11 बजे कार्यक्रम रखा गया है। भगवान के मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ प्रतिनिधि मंडल को स्थानीय सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधायक महंत रामसुंदर दास, आरएसएस के प्रांत सह प्रचार प्रमुख मनमत शर्मा, सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, जिला भाजपाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, सर्व यादव समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष अनूप यादव द्वारा रवाना किया जाएगा। संतोष गुप्ता ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर स्वागत-सत्कार पश्चात दीपका में रात्रि 8 बजे शिवरीनारायण की भेंट का दर्शन-पूजन होगा। एच एम एस यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशम लाल यादव, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र राजपूत के द्वारा यहां पूजा-अर्चना पश्चात भक्तों के समूह को अयोध्या के लिए हरी झंडी दिखाई जाएगी। अयोध्या में सरयू स्नान के साथ भगवान को छत्तीसगढ़ की ओर से नैवेद्य अर्पित किया जाएगा। 1 जनवरी को रामभक्तों का समूह दीपका लौटेगा। यहां के राधाकृष्ण मंदिर में सुबह 11 से रात्रि 11 बजे तक विशेष भंडारा होगा।

## भारतीय संस्कृति को बचाए रखने रहें सजग : राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अंबेडकर चौक संस्कार भवन में आयोजित कन्या कौशल विकास शिविर का समापन हुआ। समापन सत्र में कन्या जीवन से जुड़ी गंभीर बातों पर प्रकाश डाला गया। इस शिविर में सक्ती जिला के

**खास बात**

- कन्या कौशल शिविर का हुआ समापन

सभी ब्लॉकों से लगभग 80 से 100 की संख्या में पालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। उपस्थित अतिथियों ने भारतीय संस्कृति को बचाए रखने के लिए सभी से अपील की।

शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में सक्ती जिले में प्रांतीय टोलीटोली के रूप में सुश्री मीना ध्रुव, सुश्री मोहिनी साहू, सुश्री श्रद्धा साहू के द्वारा आयोजित कन्या कौशल शिविर का समापन कार्यक्रम 24 दिसंबर को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भगवाताचार्य राजेंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाकोषाध्यक्ष




समयदानी भाई बहनों को सम्मानित करते अतिथि।

रामनरेश यादव, गायत्री शक्तिपीठ के संरक्षक प्रेमचंद श्रीवास्तव, जिला समन्वयक भगतराम साहू, हीरानन्द साहू एवं विनय साहू उपस्थित रहें। समापन सत्र में कन्या जीवन से जुड़ी गंभीर बातों पर प्रकाश डाला गया। इस शिविर के अंतर्गत शक्ति जिला के सभी ब्लॉकों से लगभग 80 से 100 की संख्या में पालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। समापन सत्र के उद्बोधन में भागवत आचार्य राजेंद्र शर्मा ने गायत्री परिवार के द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की और भारतीय संस्कृति को बचाए रखने के लिए सभी से अपील की। कार्यक्रम में आए हुए समस्त अतिथियों का श्रीफल से सम्मान किया गया एवं समय दानी भाई एवं बहनों को विशिष्ट रूप से सम्मानित किया गया। सक्ती जिले के युवा प्रकोष्ठ महेश साहू एवं जांजगीर चाम्पा, सक्ती की जिला प्रमुख नेहा शक्तिराज गुप्ता का एवं युवा /महिला प्रकोष्ठ का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर चौक संस्कार भवन में किया गया। इस कार्यक्रम को लेकर के पालकों ने आयोजन करता एवं आयोजक मंडल की सराहना की। इस शिविर को लेकर शक्तिपीठ एवं गायत्री परिवार के समस्त परिजनों में अत्यंत हर्ष व्याप्त रहा।

### छात्र-छात्राओं को बताए गए जीवन में खेलों का महत्व

**जांजगीर-चांपा।** हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव में खेल के साथ योगा ,जुंबा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गुरमीत कौर धनजल, मुख्य अतिथि विद्यालय अध्यक्ष अशोक कुमार गट्टानी, विद्यालय संचालक अजय कुमार गट्टानी, प्रबंधक हर्षित गट्टानी ने मशाल प्रज्वलित करके बच्चों का उत्साह वर्धन किया। मशाल प्रज्वलन पश्चात विद्यालय प्राचार्य द्वारा प्रेरणा उद्बोधन देते हुए जीवन में खेलों का महत्व बताया और खेल को खेल भावना से खेलने की शपथ कराई। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य श्रीमती गुरमीत कौर धनजल अध्यक्ष अशोक कुमार गट्टानी, संचालक अजय गट्टानी, प्रबंधक हर्षित गट्टानी, प्रबंधन समिति के सदस्य श्रीमती गंगा गट्टानी, सुनीता गट्टानी, हर्षिनी,हर्ष गट्टानी, कृष्णा गट्टानी उपस्थित थे। दूसरे दिन के कार्यक्रम के अंत में प्राथमिक स्तर के कक्षाओं का खेलों का आयोजन कराया गया। योगा, जुंबा डांस ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में उपस्थित समस्त अभिभावकगण के लिए भी विभिन्न प्रकार के खेलों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए भी विशेष तौर पर कार्यक्रम विद्यालय संचालक द्वारा आयोजित की गई। इसके पश्चात समस्त छात्र/छात्राओं व अभिभावकगण तथा शिक्षक शिक्षिकाओं को जिन्होंने जीत हासिल किया उन्हें खेल स्तर द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम समापन में विद्यालय संचालक अजय कुमार गट्टानी ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करतें हुए खेल के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया ।

## श्रीमद् भागवत महापुराण एवं श्री राम कथा में शामिल हुए महामंडलेश्वर

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज श्रीमद् भागवत महापुराण एवं श्री राम कथा सहित अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त महाराज 27 दिसंबर को ग्राम पिसौद एवं खरौद में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में तथा ग्राम कौवांताल में आयोजित श्री राम कथा में सम्मिलित। आयोजक परिवारों के द्वारा उनका आत्मीयता पूर्वक स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि- भगवान श्री कृष्णचंद्र स्वयं गौ पालन किया करते थे। वे गौ चारण के लिए भी जंगल में जाते थे, जब साक्षात परमात्मा मनुष्य का शरीर धारण कर गौ माता की सेवा कर सकते हैं तब हमारा और आपका यह परम सौभाग्य है कि हम भी अपने जीवन काल में उनकी सेवा करें इससे मनुष्य की सभी मानो कामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। श्री राम कथा में मानस के श्रोताओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि- मुखिया को मुख के समान होना चाहिए जो खट्टा, मीठा आदि अनेक रसों को ग्रहण स्वयं करता है किंतु शरीर के किन अंगों को कितना रस चाहिए इसका बटवारा विवेक पूर्वक करता है। श्री



रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने लिखा है कि- मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान को एक। पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक।। इन कार्यक्रमों में उनके साथ कमलेश सिंह, सुबोध शुक्ला, गोविंद यादव, चन्द्रकान्त तिवारी, डॉ रामचंद्र पटेल, प्रमोद सिंह, पंकज शुक्ला, गौरव सिंह,गुलाब कौशिक, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए उल्लेखनीय है। उल्लेखनीय है कि राजेश्री महन्त अपनी एकदिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम महंत के ठाकुर परिवार में शोक के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## विधायक पहुंचे सोनादुला, सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सोनादुला में आयोजित तीन दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में क्षेत्रीय विधायक रामकुमार यादव पहुंचे। इस दौरान खीकबाई मनहरण कमलेश - सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास तथा ग्रामवासियो ने उनका स्वागत किया। उन्होंने सर्वप्रथम बाबा गुरू घासीदास के जय स्तम्भ में पूजा अर्चना किया। इसके बाद विधायक निधि के 7 लाख से बने सामुदायिक सतनाम भवन का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा की बाबा गुरु घासीदास ने जो सत्य और अहिंसा के मार्ग बताये हैं उनको अपने जीवन में अमल करते हुए अपने जीवन को महान बनाना है। उन्होंने सोनादुला में स्ट्रीट लाईट निर्माण कार्य के लिए 5 लाख राशि की घोषणा भी किये। इस अवसर पर उनके साथ लकेश्वरी देवा लहरे, कुसुमलता अजगल्ले, भीषम देव भारती, रोहित साहू , पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे,फागु



कुर्रे,अरविंद चन्द्रा, सरपंच प्रतिनिधि, रामकुमार जांगड़े, जनकु राम कमलेश, रामलाल सोनवानी, देवलाल कमलेश, श्यामंनोहर जांगड़े, रामकिशन कमलेश, अंजोरसाय,घासियाराम, राजेन्द्र, सीताराम जांगड़े, प्रेमलाल जांगड़े, मनहरण लाल कमलेश- उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन सभापति खीकबाई मनहरण कमलेश ने किया। उन्होंने कहा की लम्बे समय से सोनादुला में स्ट्रीट लाईट की जरूरत थी, अब पुरा गांव रौशनी से जगमगाएगी।

आजीविका ऋण मेला में 15 करोड़ 48 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत

# आजीविका गतिविधियों से जुड़कर प्रारंभ करें अपना व्यवसाय : महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

जनपद पंचायत बलौदा के समरसत्ता भवन जावलपुर में रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला का आयोजन किया गया। आजीविका ऋण मेला में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 408 ऋण प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई, जिनके माध्यम से 15 करोड़ 48 लाख रुपये की ऋण राशि स्वीकृत की गई है। इस दौरान विभिन्न विभाग अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सामग्री वितरित की गई।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने संबोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता न केवल स्वयं की आजीविका का साधन बनती है, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करती है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे आजीविका गतिविधियों से जुड़कर अपना व्यवसाय




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

प्रारंभ करें तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लें। उन्होंने यह भी कहा कि बिहान योजना से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर हो रहीं है। महिलाएं आजीविका ऋण का उपयोग कर अपने उद्यम को आगे बढ़ाएं और निरंतर प्रगति करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने कहा कि जिले में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आजीविका गतिविधियों के लिए शीघ्र ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल से महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम बनते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि जो महिलाएं पहले से किसी व्यवसाय से जुड़ी हैं, वे भी आजीविका ऋण का उपयोग कर अपने कार्य को और विस्तारित कर सकती हैं। इस अवसर पर समाधान शिविर, पीएम सूर्यघर मुफ्त बीजली योजना, रोजगार मेला एवं आजीविका ऋण स्टॉल लगाया गया था। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में विभिन्न पदों के लिए कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 10 आवेदकों का चयन विभिन्न पदों पर किया गया है, जिसमें स्किल कुल बालको कोरबा में इलेक्ट्रीशियन के 3, वेल्डर के 3 फीटर के 2 व होटल मैनेजमेंट 2 के पदों चयन किया गया है। सभी चयनित युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर बलौदा जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा सनत देवांगन, जनपद सीईओ सहित जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं उपस्थित थे।

## रासेयो के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, शिक्षा नशामुक्ति के प्रति किया जा सकता है जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सरस्वती शिशु मंदिर नैला इकाई द्वारा ग्राम पुटपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, नैला-जॉजगीर, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुचिता राठौर सरपंच पुटपुरा, नरोत्तम कटकवार प्रधानपाठक, शा.पूर्व माध्य. शाला, पुटपुरा, राधेश्याम तिवारी पंच व भगवताचार्य रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपेश्वर कहरा क्रीड़ा भारती प्रदेश उपाध्यक्ष छ.ग. ने किया। कार्यक्रम अधिकारी शैलेश कुमार विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य और रूपरेखा प्रस्तुत किया। श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल ने रासेयो की स्थापना और शिविर के माध्यम से समाज सेवा करना, लोगों से कैसे जुड़े और स्वच्छता, नशा मुक्ति आदि विषय संक्षिप्त उद्धबोधन दिया। राधेश्याम तिवारी ने कहा कि रासेयो शिविर का उद्देश्य समाज गांव और देश के लिए लोगों के लिए बहुत कुछ करने को प्रेरणा देता है। "विद्या ददाति विनयम" का अर्थ है कि विद्या से विनय प्राप्त होती है उसी प्रकार ये रासेयो से समाज, गांव में फैली अनेक विकृतियों को दूर कर सकते हैं। अध्यक्षीय भाषण में गोपेश्वर कहरा ने वॉलेंटियर को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, प्रतिभा और लक्ष्य ही हमें शिखर तक पहुंचाती है। अंत में प्राचार्य बबीता वर्मा ने आभार व्यक्त किया।


जीवेत शरदः शतम्
डॉ. चरणदास महंत जी
छ.ग. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष
सहज, सरल, ओजस्वी, यशस्वी, तेजस्वी
विधायक अकलतरा
मा. राघवेन्द्र कुमार सिंह जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गुलजार सिंह
विधायक प्रतिनिधि
रामलाल यादव
उपाध्यक्ष- जिला कांग्रेस जांजगीर
मा. राघवेन्द्र कुमार सिंह जी
विधायक अकलतरा
Happy Birthday
कांति केशरवानी
पूर्व अध्यक्ष-नगर पंचायत खरौद
श्वेता केशरवानी
पूर्व अध्यक्ष-नगर पंचायत खरौद
विनीत : कांति केशरवानी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खरौद


28 दिसम्बर
भईया
राघवेन्द्र कुमार सिंह
विधायक अकलतरा
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
शैलेन्द्र सिंह
अमित सिंह बैस
सुरेन्द्र बहादुर सिंह
हर्षवर्धन सिंह
गगन गुरुद्वान
उमंग सराफ
आयुष गोयल
सौरभ सिंह
आर्यन सिंह
शुभांकर सिंह
पृथ्वीराज सिंह चौहान
संस्कार गुप्ता
अर्पूव पाल सिंह